स्कूल रिपोर्ट कार्ड: शारीरिक शिक्षा
ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट 2018 से

Annual Status of Education Report
असर ASER 2018 RURAL
Facilitated by PRATHAM

भारत ग्रामीण

विश्लेषण सरकारी विद्यालयों से प्राप्त आँकड़ों पर आधारित हैं। 619 में से 596 ज़िले।

विद्यालय अवलोकन (शारीरिक शिक्षा)

हर चयनित गाँव में, सर्वेक्षण के लिए प्राथमिक कक्षाओं के सबसे अधिक नामांकन वाले सरकारी विद्यालय का अवलोकन किया जाता है। इस रिपोर्ट में दी गई जानकारी इन्हीं अवलोकनों पर आधारित है।

टेबल 1: कुल विद्यालय जिनका अवलोकन किया गया

	2018
प्राथमिक विद्यालय (कक्षा I-IV/V)	9177
उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा I-VII/VIII)	6821
कुल विद्यालय जिनका अवलोकन किया गया	15998

असर के बारे में

ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एज्युकेशन रिपोर्ट (असर) बच्चों की नामांकन स्थिति और बुनियादी पढ़ने और गणित करने की क्षमता का घरों में किया जाने वाला सर्वेक्षण है। प्रथम द्वारा सुगमित, असर 2005 से प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। हर ज़िले में असर एक स्थानीय संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है।

2018 में असर 596 ज़िलों, 17,730 गाँवों, 354,944 घरों और 546,527 बच्चों तक पहुँचा। 573 संस्थाओं और 30,000 स्वयंसेवकों ने इस प्रयास में भाग लिया।

यह तेहरवीं असर रिपोर्ट है।

समग्र शिक्षा अभियान की घोषणा अंतिम संघ बजट में की गई थी। यह पूर्व प्राथमिक कक्षाओं से कक्षा 12 तक विद्यालय शिक्षा क्षेत्र के लिए एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह चार महत्वपूर्ण तरीकों को व्यक्त करता है जिसमें यह नई योजना विद्यालयी खेलों को समर्थन और बढ़ावा देगी।[1]

- सभी विद्यालयों को खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे
- खेल शिक्षा पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग होगा
- प्रत्येक विद्यालय, विद्यालय पाठ्यक्रम में खेल की प्रासंगिकता को बढ़ाने और महत्व देने के लिए, योजना के तहत खेल उपकरण प्राप्त करेगा
- एक वार्षिक पैन–इंडिया स्पोर्ट्स इवेंट "खेलो इंडिया" को समर्थन

[1]http://samagra.mhrd.gov.in/features.html

टेबल 2: प्राथमिक विद्यालयों (I-IV/V) में शारीरिक शिक्षा के लिए सुविधाएँ 2018

% विद्यालय जिनमें	
समय सारणी में शारीरिक शिक्षा के लिए सत्र	58.4
शारीरिक शिक्षा के लिए अलग से शिक्षक	5.8
विद्यालय परिसर में खेल का मैदान	65.0
किसी भी खेल उपकरण की उपलब्धता	55.8

टेबल 3: उच्च प्राथमिक विद्यालयों (I-VII/VIII) में शारीरिक शिक्षा के लिए सुविधाएँ 2018

% विद्यालय जिनमें	
समय सारणी में शारीरिक शिक्षा के लिए सत्र	69.1
शारीरिक शिक्षा के लिए अलग से शिक्षक	30.8
विद्यालय परिसर में खेल का मैदान	70.3
किसी भी खेल उपकरण की उपलब्धता	71.5

Annual Status of Education Report
असर ASER 2018 RURAL
Facilitated by PRATHAM

राज्यों का प्रदर्शन: सभी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के लिए सुविधाएँ 2018

चार्ट 1: % विद्यालय जिनमें शारीरिक शिक्षा के लिए निंधारित समय दिया गया



चार्ट 2: % विद्यालय जिनमें शारीरिक शिक्षा के लिए अलग से शिक्षक नियुक्त है



चार्ट 3: % विद्यालय जिनमें शारीरिक शिक्षा के लिए कोई भी खेल के उपकरण उपलब्ध हैं



चार्ट 4: % विद्यालय जिनमें खेल का मैदान विद्यालय परिसर में उपलब्ध है



1. राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, पुदुच्चेरी और गोआ के पृष्ठ इस रिपोर्ट में अपर्याप्त सैम्पल साइज़ के कारण प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।
2. आन्ध्र प्रदेश वर्ष 2014 में तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश में विभाजित हुआ। इसी कारण से, जनगणना 2011 के सैम्पल फ्रेम में इन नए राज्यों का विभाजन नहीं है। अविभाजित आन्ध्र प्रदेश के 22 ज़िलों में से, 9 ग्रामीण ज़िले तेलंगाना में स्थित हैं और बचे हुए 13 ज़िले आन्ध्र प्रदेश में स्थित हैं। इन दोनों राज्यों के लिए असर के आँकड़े ज़िलों के इस विभाजन पर आधारित हैं।
3. सुरक्षा और/या ''लॉजिस्टिकल'' बाधाओं के कारणों से, असर 2018 जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल के कुछ ज़िलों तक नहीं पहुँच पाया।